Literacy for a Billion

Movie: Aar Paar
Year: 1954

Song: Sun Sun Sun Zaalima
Lyricist: Majrooh Sultanpuri

सुन सुन सुन सुन ज़ालिमा
प्यार हमको तुमसे हो गया
दिल से मिला ले दिल मेरा
तुझको मेरे प्यार की क़सम

जा जा जा जा बेवफ़ा
कैसा प्यार कैसी प्रीत रे
तू ना किसी का मीत रे
झूठ तेरे प्यार की क़सम
सुन सुन सुन सुन ज़ालिमा
जा जा जा जा बेवफ़ा

प्यार की नज़र से दूर
यूँ ना ज़िन्दगी गुज़ार
हुस्न तू है इश्क़ मैं
कर भी ले नज़र को चार

प्यार की नज़र से दूर
यूँ ना ज़िन्दगी गुज़ार
हुस्न तू है इश्क़ मैं
कर भी ले नज़र को चार

चार मैं नज़र करूँ
और तुमसे
चार मैं नज़र करूँ
और फिर हजूर से
पास यूँ ना आइए
बात कीजिए दूर से
जा जा जा जा बेवफ़ा

कैसा प्यार कैसी प्रीत रे
तू ना किसी का मीत रे
झूठ तेरे प्यार की क़सम

अरे वाह
सुन सुन सुन सुन ज़ालिमा
जा जा जा जा बेवफ़ा

दूर कब तलक रहूँ
फूल तू है रँग मैं
मैं तो हूँ तेरे लिए
डोर तू पतंग मैं

दूर कब तलक रहूँ
फूल तू है रँग मैं
मैं तो हूँ तेरे लिए
डोर तू पतंग मैं

कट गई पतंग जी
डोर अब ना डालिए
कट गई पतंग जी
डोर अब ना डालिए
और किसी के सामने
जाके दिल उछालिए

अरे सुन सुन सुन सुन ज़ालिमा
प्यार हमको तुमसे हो गया
दिल से मिला ले दिल मेरा
तुझको मेरे प्यार की क़सम

जा जा जा जा बेवफ़ा
सुन सुन सुन सुन ज़ालिमा

बात रह न जाए फिर
वक़्त ये गुज़र ना जाए
मेरे प्यार का ये हार
टूट कर बिखर ना जाए

अरे बात रह न जाए फिर
वक़्त ये गुज़र ना जाए
मेरे प्यार का ये हार
टूट कर बिखर ना जाए

प्यार प्यार कहके तू
दिल मेरा न लूट रे
प्यार प्यार कहके तू
दिल मेरा न लूट रे
कह रहा है तू जो बात
हो ना झूठमूठ रे
जा जा जा जा बेवफ़ा
कैसा प्यार कैसी प्रीत रे
तू ना किसी का मीत रे
झूठ तेरे प्यार की क़सम

सुन सुन सुन सुन ज़ालिमा
प्यार हमको तुमसे हो गया
दिल से मिला ले दिल मेरा
तुझको मेरे प्यार की क़सम

जा जा जा जा बेवफ़ा
सुन सुन सुन सुन ज़ालिमा

अरे जा जा जा जा
अरे सुन सुन सुन सुन
जा जा जा जा
सुन सुन सुन सुन

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.